
# सरकार क्या है?

**पाठ्यपुस्तक के आंतरिक प्रश्न**

**1. अखबार की सुर्खियों को देखिए। इनमें सरकार के जिन कामों की बात की जा रही है, उनकी सूची बनाइए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-31)**




**उत्तर** सरकार से माँगे गए कामों की सूची

1. सरकार से कामगारों के अधिकारों की रक्षा की माँग।
2. बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार की ओर से राहत सामग्री।
3. ब्याज की दर में उछाल : सरकार ने प्याज के दाम तय किए।
4. सर्वोच्च न्यायालय के लिए पाँच और न्यायाधीश सरकार।
5. कोयला और बिजली विभागों के पुनर्गठन के पक्ष में है सरकार।
6. सरकार ने 15,000 से अधिक गाँवों को सूखाग्रस्त घोषित किया।

**2. क्या सरकार का काम बहुत ही विस्तृत नहीं है? आपके अनुसार सरकार क्या है? कक्षा में इस पर चर्चा कीजिए। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-31)**
**उत्तर** अपने विषय अध्यापक की सहायता से कक्षा में चर्चा करें।

**3. क्या आप सरकार के ऐसे कुछ और कामों के उदाहरण दे सकती हैं जिनकी चर्चा ऊपर नहीं की गई है? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-32)**
**उत्तर**
**सरकार के कार्य –**

1. नए उद्योगों की स्थापना करती है।
2. दूसरे देशों से व्यापार करती है।
3. खेलों के विकास के लिए काम करती है।

**4. नीचे की तालिका में दिए गए कथनों पर नज़र दौड़ाइए। क्या आप पहचान सकती हैं कि वे सरकार के किस स्तर से संबंधित हैं? उनके आगे निशान लगाइए। (एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ पाठ्यपुस्तक, पेज-34)**

| | स्थानीय | राज्य | राष्ट्रीय |
|---|---|---|---|
| हरियाणा सरकार का सारे किसानों को मुफ़्त बिजली देने का निर्णय | ○ | ○ | ○ |
| पश्चिम बंगाल की सरकार का सारे सरकारी स्कूलों में कक्षा 8 में बोर्ड की परीक्षा लेने का निर्णय | ○ | ○ | ○ |
| गाँव में एक सार्वजनिक कुएँ के स्थान को चुनने का निर्णय | ○ | ○ | ○ |
| जम्मू एवं भुवनेश्वर के बीच में नई रेल सेवाएँ शुरू करने का निर्णय | ○ | ○ | ○ |
| पटना में बच्चों के लिए बड़ा-सा पार्क बनाने का निर्णय | ○ | ○ | ○ |
| भारतीय सरकार का रूस के साथ मैत्री संबंध बनाने का निर्णय | ○ | ○ | ○ |
| 1000 रुपये का नया नोट शुरू करने का निर्णय | ○ | ○ | ○ |

**उत्तर**

**A.** राज्य
**B.** राज्य
**C.** स्थानीय
**D.** राष्ट्रीय
**E.** राज्य
**F.** राष्ट्रीय
**G.** राष्ट्रीय

**5. किसी दूसरे कानून को लेकर यह विचार कीजिए कि लोगों के लिए उसे मानना क्यों जरूरी है? (एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ पाठ्यपुस्तक, पेज-35)**

**उत्तर** कानून के अनुसार मेडिकल स्टोर के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसे जेल की सजा काटनी पड़ती है।

**6. लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी उन निर्णयों को लेने में महत्त्वपूर्ण हैं जो उनको प्रभावित करते हैं। क्या आप इससे सहमत हैं? अपने जवाब के दो कारण लिखिए। (एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ पाठ्यपुस्तक, पेज-36)**

**उत्तर**
लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी उन निर्णयों को लेने में महत्त्वपूर्ण है जो उनको प्रभावित करते हैं, क्योंकि

1. लोग अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं को अच्छी तरह से जानते हैं।
2. लोग अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं के अनुसार ही निर्णय लेंगे।

**7. आपके यहाँ जिस प्रकार की शासन व्यवस्था है, उसके स्थान पर आप कैसी शासन व्यवस्था चाहेंगी? और क्यों? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-36)**
**उत्तर** हमारे देश में लोकतंत्रीय शासन प्रणाली है और हम इसी प्रकार की शासन व्यवस्था चाहेंगे, क्योंकि भारत एक विशाल देश है और यहाँ विभिन्न जातियों, धर्मों, भाषाओं के लोग रहते हैं। अतः सभी लोगों की शासन में भागीदारी के लिए लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था ही अच्छी है।

**8. नीचे दिए गए कथनों में जो गलतियाँ हैं, उन्हें सुधार कर लिखिए।**

1. **राजतंत्र में देश के नागरिकों को अपनी पसंद का नेता चुनने की छूट होती है।**
2. **लोकतंत्र में एक राजा के पास देश पर शासन करने की संपूर्ण ताकत होती है।**
3. **राजतंत्र में राजा या रानी द्वारा लिए गए निर्णयों पर लोग प्रश्न उठा सकते हैं। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-36)**

**उत्तर**

1. यह कथन गलत है। राजतंत्र में नागरिकों को अपनी पसंद का नेता चुनने की छूट नहीं होती है, बल्कि राजा के बाद उनका पुत्र शासन करता है।
2. यह कथन गलत है। लोकतंत्र में जनता द्वारा सरकार चुनी जाती है तथा जनता ही सरकार को शक्ति प्रदान करती है।
3. यह कथन गलत है। राजतंत्र में लोग राजा या रानी द्वारा लिए गए निर्णयों पर प्रश्न नहीं उठा सकते हैं, क्योंकि लोकतंत्र के समान राजतंत्र में राजा या रानी को अपने निर्णयों के आधार नहीं बताने पड़ते हैं।

**9.** संसार में कहीं भी सरकारों ने स्वेच्छा से अपनी शक्ति लोगों के साथ नहीं बाँटी है। पूरे यूरोप और अमरीका में महिलाओं और गरीबों को सरकार के कार्यों में भागीदारी के लिए संघर्ष करना पड़ा। महिलाओं द्वारा मताधिकार के लिए किए गए संघर्ष ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान और मजबूती पकड़ी। इस आंदोलन को महिला मताधिकार आंदोलन कहते हैं और अंग्रेज़ी में इसे 'सफ्रेज वोट देने का अधिकार। युद्ध के दौरान : बहुत-से पुरुष लड़ाई में थे, इसीलिए महिलाओं को उन कामों को करने के लिए बुलाया गया जो पहले पुरुषों के काम माने जाते थे। जब महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के काम और उनकी व्यवस्था करना शुरु किया तो लोगों को यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि उन्होंने महिलाओं और उनकी क्षमताओं के बारे में क्यों इतनी गलत रुढिबद्ध धारणाएँ बना रखीं थीं कि महिलाएँ ये काम नहीं कर सकतीं। इस तरह महिलाओं के लिए वोट देने के अधिकार की माँग की। उनकी आवाज़ सुनी जाए, इसके लिए उन्होंने जगह-जगह पर अपने आपको लोहे की जंजीरों से बाँधकर प्रदर्शन किया। उनमें से कई क्रांतिकारी महिलाएँ जेल गईं और भूख हड़ताल पर बैठीं अमरीका में औरतों को वोट देने का अधिकार 1920 में मिला, जबकि इंग्लैंड की औरतों को यह अधिकार कुछ सालों बाद 1928 में मिला।




**(क) महिलाओं द्वारा मताधिकार के लिए किए गए संघर्ष को किस नाम से जाना जाता है? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-37)**
**उत्तर** इस आंदोलन को महिला मताधिकार आंदोलन कहते हैं और अंग्रेजी में इसे 'सफ्रेज मूवमेंट' कहते हैं। 'सफ्रेज' का अर्थ होता है- वोट देने का अधिकार।

**(ख) अमरीका तथा इंग्लैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार कब मिला था? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-37)**
**उत्तर** अमरीका में 1920 में तथा इंग्लैंड में 1928 में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला था।

**(ग) प्रथम विश्व युद्ध के समय महिलाओं के कामों में किस प्रकार का परिवर्तन आया? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-37)**
**उत्तर** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान बहुत से पुरुष लड़ाई में थे, इसलिए महिलाओं को उन कामों को करने के लिए बुलाया गया जो काम पहले पुरुष करते थे और यह माना जाता था कि महिलाएँ इन कामों को नहीं कर सकती है

## प्रश्न-अभ्यास
## (पाठ्यपुस्तक से)

**1. आप 'सरकार' शब्द से क्या समझती हैं? एक सूची बनाइए कि किस तरह से सरकार आपके जीवन को प्रभावित करती है।**
**उत्तर** सरकार कुछ लोगों का ऐसा समूह है जो लोगों के लिए व्यवस्था करती है, नियम बनाती है और निर्णय लेती है। इन नियमों को अपने देश में रहने वाले लोगों पर लागू करती है। सरकार निम्नलिखित प्रकार से हमारे जीवन को प्रभावित करती है

1. देश की सीमाओं की रक्षा करना तथा दूसरे देशों से शांतिपूर्ण संबंध स्थापित करना।
2. देश के लोगों को जन-सुविधाएँ; जैसे-परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार आदि उपलब्ध कराना।
3. देश में लोक कल्याणकारी योजनाएँ लागू करना।
4. विपदाओं के समय पीड़ित लोगों को सहायता पहुँचाना।।
5. देश में शांति तथा कानून व्यवस्था लागू करना।

**2. सरकार को कानून के रूप में सबके लिए नियम बनाने की क्या ज़रूरत है?**
**उत्तर** सरकार को कानून के रूप में सबसे लिए नियम बनाने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि देश में सभी लोग इकट्ठे रहते हैं और काम करते हैं तो इस सबके लिए एक व्यवस्था की आवश्यकता होती है जिससे आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। देश के संसाधनों पर नियंत्रण रखने के लिए भी सरकार को कुछ नियम बनाने पड़ते हैं ताकि सभी लोग इन संसाधनों का उपयोग कर सकें। देश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी कुछ कानून बनाने पड़ते हैं ताकि देश का शासन सुचारु रूप से चल सके।

**3. लोकतांत्रिक सरकार के आवश्यक लक्षण क्या हैं?**
**उत्तर** लोकतांत्रिक सरकार के लक्षण

1. लोकतांत्रिक सरकार का चुनाव देश के सभी वयस्क नागरिकों द्वारा किया जाता है।
2. लोकतांत्रिक सरकार को अपने निर्णयों एवं उठाए गए कदमों का आधार बताना होता है और सफाई देनी होती है।

**4. महिला मताधिकार आंदोलन क्या है? उसकी उपलब्धि क्या थी?**
**उत्तर** महिलाओं द्वारा मताधिकार के लिए आंदोलन चलाया गया था। इस आंदोलन को महिला अधिकार आंदोलन कहा जाता है। पूरे यूरोप और अमरीका में महिलाओं को सरकार के कार्यों में भागीदारी का अधिकार नहीं था। महिलाओं को सरकार के कार्यों में भागीदारी के लिए संघर्ष करना पड़ा। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान महिलाओं का यह आंदोलन और अधिक मजबूत हुआ, क्योंकि इस दौरान महिलाओं ने पुरुषों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को किया तथा उन्होंने महिलाओं को उनकी क्षमताओं के बारे में फैली गलत रूढिबद्ध धारणाओं को दूर किया और यह साबित किया कि महिलाएँ केवल काम ही नहीं कर सकती बल्कि निर्णय लेने भी योग्य है। इसके बाद अमरीका में औरतों को वोट देने का अधिकार 1920 में तथा इंग्लैंड में यह अधिकार 1928 में दिया गया।

**5. गांधीजी का दृढ़ विश्वास था कि भारत में हर एक वयस्क को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन बहुत सारे लोग उनके विचारों से सहमत नहीं हैं। बहुत लोगों को लगता है कि अशिक्षित लोगों को, जो ज्यादातर गरीब हैं, वोट देने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। आपको क्या विचार है? क्या आपको लगता है कि यह भेदभाव का एक रूप होगा?**
**उत्तर** हमारे विचार से भारत में सभी वयस्कों को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। इन वयस्कों में अशिक्षित और गरीब लोग भी शामिल हैं, क्योंकि वोट देने के अधिकार का अर्थ है-शासन में भागीदारी। यदि हम अशिक्षित और गरीब लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित रखते हैं तो हम लोकतांत्रिक व्यवस्था के अन्य मूल्य समानता का पालन भी नहीं करते हैं। दूसरे हम उनके शासन में भागीदारी के अधिकार को छीनते हैं। जिससे वह निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल हो सकता है तथा अपने और देश के हित में निर्णय ले सकता है।